कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) 233943–297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / क्र.–08 / 12052 / 2020 रीवा, दिनांक : 24 / 07 / 2020

संस्थागत विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं (अं.मा.) में संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन अंतिम अवसर सूचना–08 सत्र 2020–21

मॉडल स्कूल के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं (अं.मा.) में संकाय आवंटन हेतु निम्न योग्यता, मापदण्ड एवं प्रक्रिया तथा समय सारणी निर्धारित की जाकर पंजीयन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है :–

1. **योग्यता :–**

स.क्र.	संकाय	माध्यम	प्रतिशत	
			संस्थागत मॉडल स्कूल से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु	न्यूनतम प्राप्तांक (पूर्णांक–300)
1	गणित	अंग्रेजी	80%	240
2	जीवविज्ञान	अंग्रेजी	70%	210
3	वाणिज्य	अंग्रेजी	60%	180

2. **मापदण्ड एवं प्रक्रिया :–**

- मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को संकाय / विषय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरना अनिवार्य है।
- मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उक्त प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को निर्धारित सीटों के लिये पात्रतानुसार संकाय आवंटन पूर्णतः मैरिट के आधार पर किया जावेगा। ऑनलाइन संकाय आवंटन के उपरांत संकाय में परिवर्तन किया जाना संभव नहीं होगा।
- पंजीकृत विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत सीट रिक्त रहने पर उक्तानुसार न्यूनतम प्रतिशत के मापदण्ड को कम करने या परिवर्तित करने का अधिकार प्रवेश समिति को रहेगा।
- एक से अधिक विषय अथवा संकाय आवंटन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये अलग–अलग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करना होगा। विद्यार्थियों को एक से अधिक संकाय में रजिस्ट्रेशन करने हेतु सलाह दी जाती है ताकि मैरिट क्रम में सीट आवंटन होने से वंचित न रहना पडे।
- अंग्रेजी माध्यम के प्रत्येक संकाय हेतु संस्थागत विद्यार्थियों के लिये 50 सीट निर्धारित है।
- मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को संकाय आवंटन उपरांत किसी भी संकाय मे संस्थागत विद्यार्थियों की कोई सीट रिक्त रहती है तो उन सीटों की पूर्ति करने हेतु नवीन प्रवेश की सीटों की संख्या में वृद्धि करने का अधिकार प्रवेश समिति के पास रहेगा।
- संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/ एव mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA पर उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन फार्म का शुल्क 100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।

3. **समय सारणी :–**

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने हेतु लिंक	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि एवं समय	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की तिथि	संकाय आवंटन हेतु मैरिट सूची एवं चयन सूची के प्रकाशन की तिथि	संकाय आवंटन उपरांत चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि
https://modelhssrewa.org.in/ अथवा https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA	24.07.2020 को सायं 6:00 बजे से	04.08.2020 को सायं 5:00 बजे	07.08.2020 को सायं 4:00 बजे	11.08.2020 को दोपहर 12:00 बजे से 20.08.2020 को सायं 5::00 बजे तक

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स रीवा (म.प्र.)

प्राचार्य
आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय
सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)